अब भाई संभालेंगे टाटा की विरासत

टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल

Sudha.Shrimali@timesofindia.com

■ 67 साल के नोएल टाटा अब 'टाटा ट्रस्ट्स' के चेयरमैन होंगे। यह फैसला शुक्रवार को मुंबई में हुई ट्रस्ट के तमाम न्यासियों की एक साझा बैठक में लिया गया। 9 अक्टूबर को रतन टाटा के निधन के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नोएल रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। नोएल नवल टाटा की दूसरी पत्नी सिमोन के बेटे हैं। वहीं रतन टाटा और जिम्मी टाटा नवल और उनकी पहली पत्नी सूनी की संतान हैं। चार दशक से अधिक समय से वह टाटा ग्रुप से जुड़े हैं। नोएल को टाटा ट्रस्ट्स में रतन टाटा की जगह लेने के लिए सबसे आगे देखा जा रहा था। हालांकि, रतन टाटा के लंबे समय के विश्वासपात्र मेहली मिस्त्री के नाम को लेकर भी अटकलें थीं।

रतन के सौतेले भाई हैं नोएल, 4 दशक से टाटा से जुड़े

दिवंगत रतन टाटा ने टाटा ट्रस्ट्स में अपने उत्तराधिकारी का नाम नहीं बताया था। ऐसे में नोएल की नियुक्ति इसलिए अहम है, क्योंकि टाटा ट्रस्ट्स के पास टाटा संस का 66% हिस्सा है, जो टाटा ब्रांड के तहत विभिन्न फर्मों की होल्डिंग कंपनी है। चेयरमैन बनने पर नोएल टाटा ने कहा, मेरे साथी ट्रस्टियों ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उससे मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं रतन टाटा और टाटा ग्रुप के संस्थापकों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। एक सदी से भी पहले स्थापित, टाटा ट्रस्ट सामाजिक भलाई के काम करने का एक अनोखा जरिया है। हम परोपकारी पहल को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं।

> **"टाटा ट्रस्ट सामाजिक भलाई के काम करने का एक अनोखा जरिया है। परोपकारी पहल आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण के लिए खुद को समर्पित करते हैं।** - नोएल टाटा

नोएल का करियर

ग्रेजुएट (ससेक्स यूनिवर्सिटी-UK), 1999 से टाटा ग्रुप से जुड़े हुए हैं

चेयरमैन: **ट्रेंट, टाटा इंटरनैशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन**

वाइस चेयरमैन: **टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड**

ट्रेंट को दिया उछाल : टाटा की रिटेल यूनिट ट्रेंट लि. के प्रबंध निदेशक रहे। 1998 में एक स्टोर से 700 से अधिक स्टोर तक ट्रेंट की बढ़ोतरी की। ट्रेंट के शेयर एक दशक में 6,000% से अधिक बढ़े हैं।

50 से तीन अरब डॉलर तक पहुंचा दिया

नोएल ने अगस्त, 2010 और नवंबर, 2021 के बीच टाटा ग्रुप की व्यापार और डिस्ट्रिब्यूशन यूनिट टाटा इंटरनैशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में आखिरी बार कोई कार्यकारी पद संभाला था। इस दौरान उन्होंने कंपनी के कारोबार को 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से तीन अरब डॉलर से अधिक तक पहुंचाया था।

इस नए नेतृत्व पर एक्सपर्ट क्या बोले?

कॉरपोरेट वकीलों के मुताबिक टाटा ट्रस्ट ने नोएल टाटा के रूप में सही चुनाव किया। टाटा संस के पूर्व बोर्ड मेंबर आर. गोपालकृष्णन ने कहा कि वह 'ट्रस्ट के लिए बहुत अच्छा' करेंगे। AU कॉर्पोरेट एडवाइजरी के फाउंडर अक्षत खेतान कहते हैं, 'उनका अनुभव, ट्रस्ट की ग्लोबल प्रासंगिकता बनाए रखने में अमूल्य योगदान दे सकता है।